तापमान
अधिकतम 25 डिग्री
न्यूनतम 11 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 9 जनवरी 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 सिर्री-फुसेरा-करगा-चटौद मार्ग चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट



12 फुटपाथ पर कब्जा, सड़कों पर अराजकता



## खबर संक्षेप

### नगरी में विराट हिंदू सम्मेलन आज

**नगरी।** सनातन संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं समाज में एकता के उद्देश्य से नगरी में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन 9 जनवरी को राजाबाड़ा नगरी में प्रातः 11 बजे से होगा। सम्मेलन में मुख्य अतिथि आचार्य पं. युवराज पाण्डेय भगवताचार्य, कथावाचक, अमलीपदर-मैनपुर होंगे। विशिष्ट अतिथि निशा साहू व्याख्याता तथा मुख्य वक्ता हरिओम शर्मा प्रांत कुटुंब प्रबोधन होंगे।

### मोतिमपुर में कल होगी मड़ई

**मगरलोड।** मोतिमपुर में 10 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए मोर चिरैया के फूल कुलिया कनेरी बालोद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी सरपंच प्रतिनिधि हेमलाल साहू ने दी है।

### परसट्टी में मड़ई 10 को

**सिर्री।** ग्राम परसट्टी (धूमा) में स्टूडेंट क्लब एवं ग्रामवासियों के सहयोग से मड़ई मेला का आयोजन 10 जनवरी शनिवार को रखा गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए शिव भोला नाचा पार्टी करमतरा जालबांधा की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी सरपंच ओमप्रकाश साहू ने दी।

### बनरौद में मड़ई मेला 12 को, रात में होगा नाचा

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम बनरौद में 12 जनवरी सोमवार को ग्रामवासियों द्वारा मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा होगा। यह जानकारी ग्राम प्रमुख द्वारा दी गई है।

### गागरा में गीता जयंती 10 को मनेगी

**पुरी।** ग्राम गागरा में कोसरिया यादव समाज छाती पाली द्वारा गीता जयंती 10 जनवरी के अवसर पर कलश एवं गीता ग्रंथ शोभायात्रा निकाली जायेगी। गीता सार भी होगा। मुख्य अतिथि श्रीमती धनेश्वरी साहू जिपं सदस्य धमतरी होंगी। अध्यक्षता जोहन सिंह यादव जिलाध्यक्ष यादव समाज धमतरी, श्रीमती खिलेश्वरी यादव जिला महिला प्रकोष्ठ यादव समाज धमतरी करेंगे। विशिष्ट अतिथि श्रीमती दिनेश्वरी साहू जनपद सदस्य जपं धमतरी, घुरऊराम यादव छाती प्रदेश संरक्षक यादव समाज धमतरीराज, श्रीमती अनीता साहू सरपंच गागरा, गोपीचंद यादव उपसरपंच गागरा, बलराम यादव अध्यक्ष यादव समाज धमतरी राज, मुकेश यादव कुर्रा प्रकोष्ठ अध्यक्ष धमतरी राज, रामाधार साहू पूर्व जनपद सदस्य होंगे।

### टीचर्स एसोसिएशन का नववर्ष मिलन, सम्मान एवं सहयोग समारोह 11 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला इकाई धमतरी एवं नई उम्मीद नई आशा सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 11 जनवरी को नववर्ष मिलन, सम्मान, सहयोग एवं सेवा-समर्पण समारोह का आयोजन कचहरी चौक के पास स्थित कर्मचारी भवन धमतरी में प्रातः 10:30 बजे से होगा। इस दौरान सेवानिवृत्त एलबी संवर्ग शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। निर्धन छात्र-छात्राओं को शिक्षा-दीक्षा हेतु सहयोग प्रदान किया जाएगा। जरूरतमंद दिव्यांगजनों एवं निर्धन विधवाओं को सहयोग एवं सम्मान देने का भी आयोजन किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय विद्यालयीन नाट्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतुली के छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान नाट्य एवं नृत्य की प्रस्तुति होगी।

शिकार पर लगाम लगने से लगातार बढ़ रही संख्या

# उड़न गिलहरी के लिए स्वर्ग बना सीतानदी उदंती टाइगर रिजर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

देश के कई क्षेत्रों में विलुप्तप्राय उड़न गिलहरी के लिए सीतानदी उदंती टाइगर रिजर्व सुरक्षित ठिकाना बन गया है। यहां पर इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। टाइगर रिजर्व के 8 रेंज में से 5 रेंज में आसानी से मिल रहे हैं। हाल ही में सीतानदी उदंती टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन इस उड़न गिलहरी का उड़ता हुआ शानदार वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया है।

बाघ, तेंदुआ, हिरण सहित अन्य वन्य जीवों के साथ उड़न गिलहरी भी टाइगर रिजर्व फारेस्ट में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। अपने इंद्रधनुषी रंग और उड़ने का आभास कराने वाली एक पेड़ से दूसरे पेड़ तक लंबी छलांग के कारण यह गिलहरी पर्यटकों का मन मोह लेती है। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने इस दुर्लभ फ्लाइंग उड़न गिलहरी का वीडियो जारी करते हुए बताया कि यह गिलहरी उत्तरी अमेरिका, एशिया, हिमालयी क्षेत्र और दक्षिण-पूर्व एशिया में पाई जाती है। ये जीव पर्णपाती व सदाबहार वनों, बागानों और मिश्रित जंगलों में रहते हैं। भारत के पश्चिमी घाट, सतपुड़ा और उष्णकटिबंधीय पर्णपाती जंगलों में रहते हैं। महुआ और तेंदू जैसे पेड़ इनकी पहली पसंद हैं। टाइगर रिजर्व में इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। अनुमान है कि रिजर्व फारेस्ट में इनकी संख्या



**टाइगर रिजर्व फारेस्ट इसलिए बना स्वर्ग**

सीतानदी उदंती टाइगर रिजर्व फारेस्ट में वन्यजीव तस्करों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसमें से पांच केस तो ऐसे हैं, जिसमें तस्करों को उड़न गिलहरी के साथ पकड़ा गया है। उपनिदेशक श्री जैन ने बताया कि यह गिलहरी अपने इंद्रधनुषी रंगों के कारण तस्करों के निशाने पर आ जाती है। जानकारी के अभाव में तस्कर इसे बड़ा चूहा मानकर पकड़ लेते हैं।

**हवा में करती है ग्लाइड**

उड़ने वाली गिलहरी एक अनोखा जीव है जो अपने पैरों के बीच की त्वचा का उपयोग करके एक पेड़ से दूसरे पेड़ तक हवा में ग्लाइड कर सकती है, जिसके चलते इनके उड़ने का आभास होता है। ये पक्षियों की तरह पंख नहीं फड़फड़ाती, बल्कि उंचाई से छलांग लगाकर पैराशूट की तरह हवा में तैरती है। ये एक बार में 150 फीट या उससे अधिक की दूरी तय कर सकती है। ये ज्यादातर रात के समय सक्रिय होती है, इसलिए इन्हें आम तौर पर दिन में देखना मुश्किल होता है। सर्दियों के दिन में धूप सेकने के लिए बाहर आती है।

# कोर्ट की हुई सुरक्षा जांच

**बम और डाग स्क्वाड ने की सघन चेकिंग**



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राजनांदगांव न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद धमतरी जिला एवं सत्र न्यायालय में सतर्कता बरतते हुए सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच में किसी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली है। न्यायालय में सुरक्षा व्यवस्था भी चुस्त कर दी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा हुआ एक ई-मेल मिला है। इस ई-मेल के बाद पूरे प्रदेश के न्यायालय परिसरों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। इसी के तहत गुरुवार को जिला एवं सत्र न्यायालय धमतरी में सुरक्षा जांच की गई। डाग स्क्वाड और बम स्क्वाड ने न्यायालय में पहुंचकर यह जांच अभियान चलाया। इस दौरान सुरक्षागत कारणों से न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं और आम लोगों को न्यायालय परिसर से बाहर निकाल दिया गया था। जांच में किसी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली है। सावधानी बरतते हुए न्यायालय में सुरक्षा व्यवस्था तगड़ी कर दी गई है। आने-जाने वाले रास्तों पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

# नाबालिग पर चाकू से हमला, गंभीर

**धमतरी।** पतंग उड़ाने की बात को लेकर एक नाबालिग ने दूसरे नाबालिग के पेट में बटंची चाकू से वार कर घायल कर दिया है। घायल को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

■ दानीटोला वार्ड की घटना

पुलिस के अनुसार रामबाग निवासी अमित सोनी पिता रामकृष्ण उम्र 15 वर्ष कक्षा 9वीं का छात्र है। उसके दादा-दादी पांच साल पहले दानीटोला में मकान खरीद कर रह रहे हैं। अमित अक्सर अपने दादा-दादी से मिलने दानीटोला आता- जाता रहता है। बुधवार की दोपहर अमित अपने दादा दादी के घर दानीटोला स्कूल के पास गया था। दानीटोला पहुंचने के बाद अमित वहीं पर स्थित गायत्री मेडिकल के पीछे पतंग उड़ा रहा था। इसी दौरान शाम लगभग 4.30 बजे महिमासागर वार्ड निवासी एक लड़का अमित को खेलने से मना करते हुए धक्का मुक्की करने लगा। उक्त लड़का आवेश में आकर अपनी कमर के पास छिपाकर रखे धारदार बटंची चाकू को निकालकर अमित के पेट की बायीं तरफ से दो बार हमला कर दिया। इस हमले में अमित की अंतड़ी बाहर आ गई। एम्बुलेंस से घायल नाबालिग को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल की गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टर ने उसे इलाज के लिए हायर सेंटर रिफर कर दिया। परिजनों ने घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां घायल का उपचार जारी है। सूचना मिलते ही पेशे से वाहन चालक पिता रामकृष्ण सोनी तत्काल अस्पताल पहुंचा। तत्पश्चात पिता रामकृष्ण सोनी ने सिटी कोतवाली पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस आरोपी चाकूबाज के खिलाफ धारा 109/1 के तहत अपराध दर्जकर विवेचना में जुट गई है।



# सड़क हादसे में कम्प्यूटर आपरेटर की मौत

**भानपुरी मोड़ की घटना**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ड्यूटी जा रहे बाइक सवार कम्प्यूटर आपरेटर को बाइक-ठेला ने टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक की मौत हो गई।



मृतक देवेन्द्र

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम भानपुरी निवासी देवेन्द्र कुमार साहू पिता जीवराखन उम्र 39 वर्ष कलेक्ट्रेट में स्थित आदिम जाति कल्याण विभाग में कम्प्यूटर आपरेटर के रूप में कार्यरत था। गुरूवार की सुबह युवक अपनी 3830 से ड्यूटी पर कलेक्ट्रेट जाने के लिए निकला था। इसी दौरान ऑटोनुमा मोडिफाईड वाहन बाइक-ठेला क्रमांक सीजी 05 एन 1896 सामान लेकर मड़ई जा रहा था। भानपुरी मोड़ के पास बाइक-ठेला के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए मोटरसाइकिल को सामने से टक्कर मार दी। घटना में युवक मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिर गया। गंभीर चोट लगने से युवक की मौके पर मौत हो गई। वहीं मड़ई सामानों से भरी ऑटोनुमा बाइक भी पलट गई। युवक को संजीवनी 108 की मदद से जिला अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।



बता दें कि देवेन्द्र साहू पूर्व में हरिभूमि कार्यालय धमतरी में संवाददाता के रूप में कार्य कर चुके थे।

**परिजनों ने नेत्रदान कर नेक कार्य किया**

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो जाने के बाद परिजनों ने मृतक का नेत्रदान करने का नेक निर्णय लिया। तत्काल नेत्र विभाग को इसकी सूचना देकर मृतक का नेत्रदान कराया ताकि उनकी आंखें किसी अन्य के माध्यम से दुनिया को देख सके। नेत्र विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. राजेश सूर्यवंशी व गुरूशरण साहू सहित उनकी टीम ने नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की।

# कलेक्टर से आदिवासी भवन निर्माण की मांग



**मुख्यमंत्री ने ठाकुर जोहारनी कार्यक्रम में की थी घोषणा**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आदिवासी गोंडवाना समाज बरबांधा तथा अमलीपारा माड़मसिल्ली ने आदिवासी गोंडवाना समाज भवन को शीघ्र बनवाने की मांग कलेक्टर से की है।

गोंडवाना समाज क्षेत्रीय शाखा बरबांधा के अध्यक्ष संतराम नेताम तथा गोंडवाना समाज अमलीपारा के अध्यक्ष रामजी नेताम सहित सामाजिक लोगों ने गुरुवार को कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि अमलीपारा बरबांधा समाज बस्तर संभाग के सामाजिक रीति रिवाज से जुड़ा हुआ है। उनके मुख्य परम्परा ठाकुर जोहारनी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रत्येक 12 गुड़ा क्षेत्र को 10-10 लाख रुपये के टिन शेड वाले आदिवासी भवन निर्माण की घोषणा की थी जिसमें अमलीपारा माड़मसिल्ली तथा बरबांधा डुबान शामिल हैं। यह कार्य बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण से किया जाना है। समाज ने उक्त कार्य की स्वीकृति तथा शीघ्र कार्यों को पूरा कराने की मांग की है।

## जिले में जनगणना 2027 की तैयारी शुरू

**धमतरी।** भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित जनगणना 2027 के लिए जिले में प्रशासनिक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अबिनाश मिश्रा ने जनगणना कार्य के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। उन्होंने अधिकारियों को जिला जनगणना अधिकारी, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, चार्ज जनगणना अधिकारी, नगर चार्ज जनगणना अधिकारी के रूप में दायित्व सौंपे हैं। ये अधिकारी जनगणना की प्रारंभिक गतिविधियों, प्रशिक्षण, सुपरविजन एवं अन्य आवश्यक कार्यों का संचालन करेंगे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देशित किया है कि सभी नियुक्त अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी एवं समयबद्धता के साथ करें। जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जनगणना 2027 के तहत आंकड़ों की शुद्धता एवं पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।



■ कलेक्टर ने लगाई अधिकारियों की ड्यूटी

**नगरी-सांकरा मार्ग पर हुआ हादसा, चालक बाल-बाल बचा**

# धान से लदे ट्रक के पलटने से सैकड़ों बोरियां सड़क पर बिखरी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी थाना क्षेत्र अंतर्गत नगरी-सांकरा मुख्य मार्ग पर महानदी के पास धान से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। ट्रक में भरी धान की बोरियां सड़क पर बिखर गईं, जिससे कई बोरियां फट गईं। धान को नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीजी 6115 उमरगांव धान खरीदी केंद्र से धान लोड कर संग्रहण केंद्र भोयना जिला धमतरी की ओर जा रहा था। बताया जा रहा है कि ट्रक में करीब 720 कट्टा (लगभग 280 क्विंटल) धान लदा हुआ था। इसी दौरान सांकरा से नगरी मार्ग पर महानदी के समीप हल्के मोड़ पर ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर पलट गया।



हादसे के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, हालांकि अनुमान लगाया जा रहा है कि मोड़ पर संतुलन बिगड़ने से यह दुर्घटना हुई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। राहत की बात यह रही कि हादसे में ट्रक चालक सुरक्षित बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही नगरी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लेते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। बताया गया है कि ट्रक दोपहर करीब 12 बजे उमरगांव से रवाना हुआ था, जिसके कुछ समय बाद यह दुर्घटना हुई।

**कलेक्टर से लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की**

# क्रेडा के कलस्टर तकनीशियनों के शोषण का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

क्रेडा जिला कार्यालय में कार्यरत कलस्टर तकनीशियनों ने वेतन विलंब, मासिक दबाव, अवैधानिक कटौती एवं मानसिक, आर्थिक शोषण की शिकायत कलेक्टर से की है।

कलस्टर तकनीशियन पूरन कुंजाम, शैलेंद्रकुमार, उमेश सिन्हा, लीलेश साहू ने बताया कि विगत 11 साल से सभी 14 कलेक्टर तकनीशियन छग राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण क्रेडा अंतर्गत जिले में लगातार पूर्ण जिम्मेदारी एवं निष्ठापूर्वक काम कर रहे हैं। पिछले कुछ साल से जिला क्रेडा कार्यालय द्वारा कलस्टर तकनीशियनों पर आर्थिक,



मानसिक एवं शारीरिक दबाव डाला जा रहा है जिससे वे अत्याधिक आहत और परेशान हैं।

उन्होंने बताया कि बीते दो वर्ष से वेतन नियमित रूप से न देकर दो-तीन माह में एक बार भुगतान किया जा रहा है। उसमें भी पूरी राशि ने देकर विभिन्न प्रकार की कटौती करने के लिए दबाव बनाया जाता है। कार्य माह पूर्ण होने के बाद नये-नये नियम लागू कर दिए जाते हैं जिसका उद्देश्य केवल भुगतान में कटौती करना प्रतीत होता है। अधिकांश नियम न तो पूर्व में सूचित किया जाता है और न ही वैधानिक प्रतीत होता है।

कलस्टर तकनीशियनों ने कलेक्टर से लिखित शिकायत में कहा है कि जिले में अनेक सोलर सिस्टम लंबे समय से बंद है जिसकी जानकारी जिला प्रभारी को लिखित एवं मौखिक रुप से दी जा चुकी है, लेकिन समय पर आवश्यक सामग्री उपलब्ध नहीं कराई जाती है और तकनीकी सहायता भी नहीं दी जाती है। इस प्रकार की कार्यप्रणाली से कलस्टर तकनीशियनों का मानसिक संतुलन, आर्थिक स्थिति एवं कार्यक्ष मता गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। उन्होंने अवैधानिक एवं अनावश्यक दबाव को तत्काल समाप्त करने, समय पर पूर्ण वेतन, कार्य के लिए आवश्यक सामाग्री उपकरण, भुगतान में की जा रही अनावश्यक कटौती की जांच, भविष्य में बिना पूर्व सूचना के नये नियम लागू नहीं किए जाने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से चतुर्भुज ध्रुव, सियाराम साहू, कोमल साहू, ओमप्रकाश साहू, कुंदन कौशल, त्रिलोक ध्रुव मौजूद थे।

# निगम में बिना टेंडर के कार्य, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

युकांइयों ने निगम में बिना टेंडर प्रक्रिया के कार्य की जांच करने की मांग कलेक्टर से की है। युवा कांग्रेस के धमतरी विधानसभा अध्यक्ष हितेश गंगवीर ने गुरुवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन में कहा है कि नगर निगम धमतरी ने सेना भर्ती वर्ष 2025-26 के आयोजन के लिए टेंट कुर्सी, पाइप, पंडाल सहित अन्य सामग्रियों के लिए 26 दिसंबर को निविदा जारी की थी। जिसमें इच्छुक फर्मों से 5 जनवरी 2026 तक आनलाइन निविदा आमंत्रित की गई थी। निविदा शर्तों के मुताबिक 7 जनवरी को कार्यादेश जारी होना था, लेकिन निगम प्रशासन ने निविदा शर्तों का खुला उल्लंघन करते हुए उक्त तिथि से



पूर्व निजी व्यक्ति को लाभ पहुंचाने कार्य सौंप दिया। इसमें लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूर्णतः की ओर है।

ज्ञापन में आगे कहा है कि निजी व्यक्ति को लाभ पहुंचाने निगम प्रशासन घोर लापरवाही कर रहा है। जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। अन्यथा युवा कांग्रेस द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी समस्त जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी।

## खबर संक्षेप

### रावनगुड़ा में सत्संग समारोह कल से

**धमतरी।** ग्राम रावनगुड़ा में दो दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन 10 तथा 11 जनवरी को किया गया है। इस अवसर पर सुश्री साध्वी चंद्रकला साहेब द्वारा प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रवचन दिया जाएगा। उत्तम साहू, मनहरण साहू, डॉ. प्यारेलाल, महेश राम, झुमुकलाल, परमानंद, सालिकराम, स्वरूप, त्रिलोचन, गुलाब, मिथिलेश, सुरेश, घनश्याम सिंह साहू शिक्षक ने सत्संग का लाभ लेने की अपील की है।

## निधन

### गीता खंडेलवाल

**धमतरी।** श्रीमती गीता देवी खंडेलवाल पति स्व. राधेश्याम खंडेलवाल (ठाकुरिया) का



गुरूवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 जनवरी को शाम 4:15 बजे उनके निवास स्थान बिलाई माता मंदिर के पास से निकली। उनके निधन पर केशव खंडेलवाल, अर्जुन खंडेलवाल, राजीव खंडेलवाल सहित अनेक लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

### रामेश्वरी सिन्हा

**धमतरी।** सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड निवासी श्रीमती रामेश्वरी देवी



सिन्हा का 8 जनवरी को आकस्मिक निधन हो गया। वे शिवम हार्डवेयर के संचालक डिगेश सिन्हा एवं यामाहा शोरूम शिवम प्लानेट्स के संचालक हरीश सिन्हा की माताजी थीं। वह सरल, धार्मिक एवं स्नेहिल स्वभाव की थीं।

### राधा बाई सेन

**धमतरी।** सर्व सेन समाज जिला



धमतरी के संरक्षक मोहितराम सेन तथा बैंक कैशियर रूपराम सेन की माता श्रीमती राधा बाई सेन 78 वर्ष का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### जोगबती देवांगन

**धमतरी।** बठेना वार्ड निवासी श्रीमती जोगबती देवांगन 90 वर्ष का गुरूवार



की सुबह 7 बजे निधन हो गया। वे सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड के पूर्व पार्षद, धमतरी मंडल देवांगन समाज के पूर्व अध्यक्ष टोपेश्वर देवांगन, तोषण देवांगन, रोशन देवांगन की माता एवं कन्हैया देवांगन की चाची थीं। अंतिम संस्कार नगरी रोड स्थित शांतिघाट में सम्पन्न हुआ।

### ए. कृष्णन

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम सलोनी के सरस्वती शिशु मंदिर के



प्रधानाचार्य मनोहरदास मानिकपुरी के पुत्र ए. कृष्णन उर्फ पप्पू 24 वर्ष का आकस्मिक निधन गुरूवार को हो गया। उनके निधन पर अनेक लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

**न्यायालय तहसीलदार भखारा जिला धमतरी छ.ग.**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202512130100068/अ-59 वर्ष 2025-26
ग्राम सिहाद/कोसमर्रा तहसील भखारा

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सहायक संचालक सह नोडल अधिकारी जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज भखारा-भठेली जिला धमतरी द्वारा पत्र क्रमांक 74/DPLC/भूमि हस्तां./2025 भखारा-भठेली दिनांक 15/12/2025 के माध्यम से ग्राम कोसमर्रा पटवारी हल्का नं. 17 स्थित भूमि खसरा नं. 898/1 का भाग रकबा 1.72 हे. जो जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज भखारा-भठेली को एवं खसरा नं. 954/2 का भाग रकबा 2.65 हे. जो शासकीय महाविद्यालय भखारा को आबंटित है। जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज भखारा-भठेली को आबंटित भूमि खसरा नं. 898/1 का भाग रकबा 1.72 हे. को शासकीय महाविद्यालय भखारा के नाम पर तथा शासकीय महाविद्यालय भखारा को आवंटित भूमि खसरा नं. 954/2 का भाग रकबा 2.65 हे. में से 1.35 हे. को जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज भखारा-भठेली के नाम पर हस्तांतरण किये जाने की छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 एवं राजस्व पुस्तक परिपत्र में बने प्रावधानों के तहत न्यायालय कलेक्टर धमतरी को प्रेषित आवेदन मय मूल प्रकरण न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रा. कुरूद के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु न्यायालय तहसील भखारा को प्राप्त हुआ है।

अतः आवेदक सहायक संचालक सह नोडल अधिकारी जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज भखारा-भठेली के आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या हित बद्ध पक्षकार/संस्था निकाय को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 09/01/2026 के पूर्व स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/12/2025 को न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
भखारा

मांगों को लेकर एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा

# पुलिया व सड़क के लिए ग्रामीण करेंगे 16 जनवरी से अनिश्चितकालीन प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



ग्राम खम्हरिया के ग्रामीणों ने वर्षों से लंबित मूलभूत समस्याओं को लेकर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करने के उद्देश्य से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की घोषणा की है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम खम्हरिया के प्रमुख मार्ग पर टेरगी नाला स्थित पुलिया निर्माण एवं गांव से नगरी पहुंच मार्ग के समुचित डामरीकरण की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

उक्त पुलिया एवं सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है, जिससे आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि बीते 3-4 वर्षों से लगातार प्रशासन को आवेदन एवं ज्ञापन सौंपे गए, बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका है।

इसी से आक्रोशित होक ग्रामवासियों ने 16 जनवरी से तहसील कार्यालय नगरी के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि जब तक पुलिया निर्माण एवं सड़क नवीनीकरण की मांग पूरी नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। एसडीएम कार्यालय में ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा। मौके पर

सरपंच संत कुमार मरकाम, रवि दुबे, हुलासिनी, पवन नेताम, अभिमन्यु निर्मलकर, शिशुपाल कश्यप, पूर्णेन्द्र साहू, पूनाराम साहू, पूर्णिमा रात्रे, सुंदरी मरकाम, भानबाई साहू, परीक्षित निर्मलकर, डोमार निराला, दिनेश साहू, परमा निराला, सुनील साहू, ललेश यादव, रामचरण रात्रे, महेंद्र साहू, सोमन यादव, आदेश मरकाम, गिरीश एल्मा, मैना साहू समेत अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# शहर के 40 वार्डों के विकास के लिए शासन से मिले 1.45 करोड़ रुपये

- महापौर रामू रोहरा ने इसे शहर के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




नगर निगम के 40 वार्डों के विकास कार्यों के लिए शासन से 1 करोड़ 45 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। नगर निगम के महापौर रामू रोहरा ने इसे शहर के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया और कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की राजनीति या भेदभाव नहीं होने दिया जाएगा।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि उनके कार्यकाल में कोई भी वार्ड विकास से वंचित नहीं रहेगा। विकास को जाति, दल या गुटों में बांटने की सोच अब समाप्त हो चुकी है। धमतरी में अब केवल काम और परिणाम नजर आएंगे। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में जिन लोगों ने शहर को बदहाल सड़कों, जाम नालियों और अधूरी योजनाओं के हवाले किया, उन्हें आज विकास पर सवाल उठाने का नैतिक अधिकार नहीं है।

महापौर ने स्पष्ट किया कि 1.45 करोड़ रुपये की यह राशि किसी एक क्षेत्र या वर्ग के लिए नहीं, बल्कि शहर के प्रत्येक नागरिक की सुविधा और सम्मान के लिए खर्च की जाएगी। सड़क, नाली, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, उद्यान और सामुदायिक भवन जैसे मूलभूत कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। विकास कार्य जमीन पर दिखाई देंगे, न कि केवल कागजी योजनाओं तक सीमित रहेंगे।

उन्होंने कहा कि नगर निगम पूरी जवाबदेही के साथ कार्य करेगा और प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों की नियमित निगरानी की जाएगी। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस अवसर पर सभापति कौशल्या देवांगन, एमआईसी सदस्य नरेंद्र रोहरा, विजय मोटवानी, नीलेश लूनिया, अखिलेश सोनकर, श्यामलाल नेताम, पिंटू यादव, विभा चंद्राकर, हिमानी साहू सहित पार्षद हेमंत बंजारे, तल्लीनपुरी गोस्वामी, मेघराज ठाकुर, अज्जू देशलहरे, कुलेश सोनी, गजेंद्र कंवर, ईश्वर सोनकर, राकेश चंदवानी, शैलेश रजक, नम्रता पवार, चंद्रभागा साहू, भारती साहू, आशा लोधी, अनीता अग्रवाल, संजय देवांगन, सतीश पावर, कोमल सार्वा एवं संतोष सोनकर ने महापौर रामू रोहरा का आभार व्यक्त किया।

महापौर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा के प्रति सहयोग और विश्वास के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# शाकंभरी जयंती पर कोसरिया मरार पटेल समाज सांकरा ने निकाली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

कोसरिया मरार पटेल समाज सांकरा क्षेत्र द्वारा शाकंभरी जयंती मनाई गई। पटेल सामाजिक भवन में सुबह मां शाकंभरी के छायाचित्र की विशेष पूजा-अर्चना पंडित उदेभानु दीवान ने की। मां शाकंभरी की महाआरती हुई तत्पश्चात पटेल समाज द्वारा भव्य क्लश शोभायात्रा निकाली गई जो पटेल सामाजिक भवन बाजारपारा से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, शहीद चौक, शंकर चौक, नंदी चौक, गांधी चौक, बीचपारा होते हुए पुनः पटेल समाजिक भवन में वापस पहुंची। मौके पर पटेल समाज सिहावाराज अध्यक्ष कन्हैया कौशल, पटेल समाज के ग्रामीण अध्यक्ष सांकरा प्रेमलाल पटेल, कोषाध्यक्ष युवराज पटेल, सचिव डिगेश पटेल, पुरषोत्तम पटेल, भागवत पटेल, रामसाय पटेल, जेठू राम पटेल, ऋषि पटेल, मनोज पटेल, अशोक पटेल, परमानंद पटेल, पुणेद्र पटेल, पुनीत पटेल, महेंद्र पटेल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष खिलावन पटेल, उपाध्यक्ष राजू पटेल, सचिव पोखन पटेल, कोषाध्यक्ष बेदन सिंह पटेल सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल रहे।

# तारिणी व लेखराम का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

- मनरेगा में महात्मा गांधी की उपेक्षा व एसआईआर को लेकर बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



कांग्रेस भवन में संगठन व प्रमुख मुद्दों लेकर तैयारी के लिए पहुंची नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती तारिणी चन्द्राकर एवं राष्ट्रीय कांग्रेस अन्य पिछड़ा वर्ग के समन्वयक लेखराम साहू का ब्लाक अध्यक्ष आशीष शर्मा के नेतृत्व में आतिशबाजी, फूलमाला व नारेबाजी कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात स्थानीय कांग्रेस भवन में पार्टी गतिविधियों पर आधारित बैठक ली गई।

जिलाध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने संगठन बैठक लेते हुए कहा कि वर्तमान में एसआईआर का दावा आपत्ति का समय चल रहा है। समस्त कांग्रेसीगण, बीएलओ, वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधिगण व संगठन पदाधिकारियों को अपने बूथ सहित समस्त क्षेत्र व विधानसभा के निवासरत मतदाताओं का नाम सूची में शामिल हो सके व फर्जी, स्थानांतरित हो चुके, दिवंगतों व विवाह होकर जा चुके लोगों का नाम हटाकर 18 वर्ष पूर्ण हो चुके निवासरत लोगों नाम जुड़ा है या नहीं, ध्यान देकर दुरुस्त करें। उन्होंने आगे कहा कि मनरेगा में केन्द्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी की उपेक्षा, नियम व व्यय में संशोधन कर जनता को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। यूपीए सरकार द्वारा गरीब, मजदूर व ग्रामीण विकास के लिए बनाई गई योजना मनरेगा का नाम बदलकर, नियम व व्यय में संशोधन कर केन्द्र सरकार वंचित करना चाहती है जिसका राष्ट्रीय व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार लोकतांत्रिक व चरणबद्ध तरीके से हम विरोध करते रहेंगे।

इस अवसर पर जिपं सदस्य नीलम चन्द्राकर, सुश्री राजकुमारी दीवान, प्रहलाद चन्द्राकर, हितेंद्र केला, रमेशर साहू, प्रमोद साहू, पार्षद मनीष साहू, उत्तम साहू, चन्द्रप्रकाश देवांगन, पप्पू राजपूत, लव चन्द्राकर, भानुप्रताप बैस, हेमचंद साहू, घनश्याम साहू, रामनारायण यादव, उमेश साहू, तुकेश साहू सहित कांग्रेसीगण उपस्थित थे।

# भागवत महापुराण मुक्ति का मार्ग खोलता है : कृष्ण मिश्रा

- अरौद में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ की अविरल धारा प्रवाहित

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड







ग्राम अरौद में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। कथा के पांचवें दिन पंडित कृष्ण मिश्रा ने श्री हरि, वामन, श्रीराम और कृष्ण जन्म अवतार की कथा सुनाई।

पंडित कृष्ण मिश्रा ने भगवान श्री राम, श्रीकृष्ण चंद्र के अवतार प्रसंग पर कहा कि भगवान की लीला अपार है। जब-जब धरती पर पाप बढ़ता है तब-तब भगवान स्वरूप बदलकर अवतार लेते हैं। भगवान श्री राम ने लीला कर मानवता, भाईचारा तथा मर्यादा का पाठ पढ़ाया है। राक्षसों का नाशकर राम राज्य की स्थापना की है। भागवत महापुराण मुक्ति का मार्ग खोलता है। एकाग्र मन से श्रद्धापूर्वक भगवान की भक्ति करने से भगवान को प्राप्त किया जा सकता है। यह आयोजन स्वर्गीय बंशीलाल साहू की स्मृति में पुत्र पूरन लाल साहू, पुत्रवधू बिंदेश्वरी साहू द्वारा किया जा रहा है। आज 9 जनवरी को भगवान की बाल लीला, छप्पन भोज,10 जनवरी को रुक्मणि विवाह, सुदामा चरित्र, 11 जनवरी को परीक्षित मोक्ष, शोभा यात्रा तथा 12 जनवरी को गीता, तुलसी विवाह, हवन यज्ञ के बाद विसर्जन होगा।

# भजन गायक और कांग्रेसी नेता संतोष ने थामा भाजपा का दामन

- विधायक अजय चंद्राकर ने भगवा गमछा पहनाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



क्षेत्र के भजन गायक और कांग्रेसी नेता संतोष साहू ने कांग्रेस पार्टी का हाथ छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है जिसका विधायक अजय चंद्राकर ने भगवा गमछा पहनाकर स्वागत किया।

कुरूद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोटगांव (दरबा) निवासी भजन गायक व पूर्व ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री संतोष साहू ने बुधवार को सुबह विधायक कार्यालय कुरूद पहुंचकर पूर्व मंत्री श्री चंद्राकर के समक्ष भाजपा प्रवेश कर लिया। श्री चंद्राकर ने भगवा गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया।

बता दें कि संतोष साहू की पत्नी सुमन साहू बीते त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में क्षेत्र क्रमांक 3 से जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित होकर सभापति बनी थीं। कांग्रेसी नेता संतोष साहू के भाजपा प्रवेश को लेकर राजनीतिक गलियारों में तरह तरह की चर्चा व्याप्त है। इस पर श्री साहू का कहना है कि वे लंबे समय से क्षेत्र के कुछ कांग्रेसी नेताओं की मोनोपल्ली, कार्यकर्ताओं के प्रति गतिविधियों सहित व्यक्तिगत व्यवहारों से वह काफी पीड़ित और क्षुब्ध थे। वे मानस मंडली के माध्यम से भजन गायिकी के चलते अध्यात्म, धार्मिकता से जुड़े हुए हैं। भाजपा के हिंदुत्ववाद, राष्ट्रवाद और हिंदुओं के लिए किए जा रहे कार्यों तथा क्षेत्र के विधायक अजय चंद्राकर की विकास परकसोच से प्रभावित होकर उन्होंने कांग्रेस पार्टी का हाथ छोड़कर भाजपा के कमल फूल को थामने का मन बनाया। वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ पार्टी के लिए काम करेंगे। आने वाले समय में उनकी पत्नी पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुमन साहू भी भाजपा प्रवेश करेंगी।

इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी की रीति–नीति से प्रभावित होकर गंगा प्रसाद मिश्रा सरपंच, गणेशपुर, हरीश कुमार साहू कोटगांव ने भी विधायक अजय चंद्राकर के समक्ष भाजपा प्रवेश किया।

कुर्रा में ओबीसी समाज की ग्रामीण इकाई गठित

# तरुण अध्यक्ष, रविशंकर सचिव चुने गए

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ से सम्बद्ध ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ लगातार ओबीसी जनजागरण अभियान चला रही है। संगठन भखारा ब्लॉक अध्यक्ष व ग्रामीण प्रभारी षडानंद साहू के नेतृत्व में ग्राम कुर्रा में ओबीसी समाज की ग्रामीण इकाई का गठन किया गया।

मुख्य अतिथि सह संस्थापक टिकेश्वर साहू ने कहा कि हमारे समाज के लोग अब संगठित हो रहे हैं। 10 जनवरी को संगठन का 6वां स्थापना दिवस राजधानी रायपुर में मनाया जायेगा।

बैठक में सर्वसम्मति से तरुण साहू को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष विष्णुराम साहू, रविशंकर पटेल को सचिव और कोषाध्यक्ष गौकरण सेन को चुना गया है। मोहन साहू, चैतराम साहू, हीराराम बैंस, प्रहलाद बैस, गोवर्धन, सुग्रीव कंवर, सोमन साहू, हेमलाल साहू, सतार खान, शत्रुघ्न सिंह सदस्य हैं। मौके पर संगठन के जिला मीडिया प्रभारी आशीष साहू, गांव के पूर्व सरपंच नारायणलाल साहू की विशेष उपस्थिति रही।

ग्रामीण पानी के लिए भटक रहे, टैंकर के भरोसे चल रहा काम

# हिरीडीही में सौर ऊर्जा मोटर पंप एक वर्ष से बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी





ग्राम पंचायत हिरीडीही में सौर ऊर्जा से संचालित पानी टंकी से जुड़ा मोटर पम्प लगभग एक वर्ष से बंद पड़ा हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार सौर ऊर्जा संयंत्र से लगे बोर में मोटर पम्प अंदर गिर जाने के बाद हिरीडीही मोहल्ले में जल आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई है। लाइन बंद होने की स्थिति में ग्रामीणों को मजबूरीवश पानी टैंकर के माध्यम से मंगाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि इतनी गंभीर समस्या के बावजूद सरपंच द्वारा अब तक केवल 3 से 4 बार ही गांव का दौरा किया गया है, जबकि स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई। लंबे समय से पेयजल संकट बने रहने के कारण महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

इस संबंध में चंद्रिका नेताम, लच्छिन मरकाम, राधा नेताम, महेश्वरी नेताम, अमरचंद नेताम, कला बाई, विनंदी नेताम, संगीता नेताम, राजेश्वर नेताम, दिना नेताम ने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही वैकल्पिक स्थान पर नया बोर खनन कर मोटर पंप स्थापित किया जाए, ताकि नियमित जल आपूर्ति बहाल हो सके।

ग्रामीणों ने यह भी सुझाव दिया है कि पंचायत के पास स्थित कुएं की सफाई कर उसमें मोटर पम्प लगाया जाए, जिससे अस्थायी रूप से पानी टंकी में जल भरकर गांव को राहत दी जा सके। इसके साथ ही कुएं के ऊपर सुरक्षा के लिए मजबूत ढांचा (ढक्कन, आवरण) लगाए जाने की भी मांग की गई है।

# रांकाडीह में रजत जयंती चावल उत्सव मना



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

शासकीय उचित मूल्य की दुकान रांकाडीह में छत्तीसगढ़ रजत जयंती चावल उत्सव मनाया गया। मौके पर सरपंच भोजराम साहू, प्राथमिक क़ृषि साख सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी शत्रुहन लाल साहू, पंचगण, निगरानी समिति के सदस्य, अंत्योदय कार्डधारी, प्राथमिकता कार्डधारी, सामान्य कार्डधारी उपस्थित रहे। हितग्राहियों को छत्तीसगढ़ रजत जयंती चावल उत्सव के अवसर पर माह जनवरी का चावल, शक्कर, अमृत नमक राशनकार्ड के पात्रता अनुसार वितरण किया गया। हितग्राहियों की ई-केवाईसी भी की गई। ई-केवाईसी के लिए बचे हितग्राहियों को जल्द ही आधार अपडेट करवाने कहा है।

## अंचल की खबरें

### दिव्यांग कर्मचारियों के वार्षिक कैलेंडर का वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने किया विमोचन



**धमतरी।** छग निःशक्त अधिकारी- कर्मचारी कल्याण संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने निज निवास शंकर नगर रायपुर में किया। इस अवसर पर प्रांताध्यक्ष सीएम दीक्षित बिलासपुर ने दिव्यांगजनों के हितार्थ में एक ज्ञापन सौंपा तथा शीघ्र निराकरण करने की मांग की। इस अवसर पर प्रांताध्यक्ष दीक्षित, महेश साहू कोषाध्यक्ष, डा. रवि पटेल महामंत्री, प्रीतम मानिकपुरी, घनश्यामसिंह साहू, विनय तिवारी, डां पंकज कदम, हेमलाल वर्मा और धर्मेंद्र उपस्थित थे।

### अंतर महाविद्यालयीन हॉकी प्रतियोगिता में मिताली का चयन



**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय की बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा मिताली अंतर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर का प्रतिनिधित्व करेंगी। विगत दिनों 14 दिसम्बर 2025 को अन्तर महाविद्यालयीन हॉकी प्रतियोगिता का चयन किया गया जिसमें कन्या महाविद्यालय की छात्रा का भी चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता 8 से 11 जनवरी 2026 तक संबलपुर विश्वविद्यालय ओडिशा में होगी। प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया, डॉ. चन्द्रशेखर बांधे क्रीड़ा अधिकारी ने खिलाड़ी छात्रा मिताली की उपलब्धि पर हर्ष जताया है।

■ पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर का प्रतिनिधित्व करेंगी

### रजत जयंती चावल उत्सव पर हितग्राहियों की ई-केवाईसी



**आमदी(धमतरी)।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के आदेशानुसार शासकीय उचित मूल्य की दुकान नगर पंचायत आमदी में छत्तीसगढ़ रजत जयंती चावल उत्सव मनाया गया। मौके पर नपं उपाध्यक्ष कोमल यादव, मुरली साहू, चेतन लाल साहू, मोहित साहू, छबिलाल साहू, बालमुकुंद साहू एवं प्राथमिकता कार्डधारी, अंत्योदय कार्डधारी, निराश्रीत कार्डधारी, सामान्य कार्डधारी, निगरानी समिति के सदस्य उपस्थित थे। सभी हितग्राहियों को छत्तीसगढ़ रजत जयंती चावल उत्सव के अवसर पर माह जनवरी का चावल, शक्कर, नमक का वितरण किया गया साथ ही हितग्राहियों की ई-केवाईसी भी की गई।

### बेंद्रानवागांव में सरपंच संघ की बैठक



**धमतरी।** ग्राम पंचायत बेंद्रानवागांव में धमतरी ब्लाक स्तरीय सरपंच संघ के पदाधिकारियों की बैठक हुई जिसमें 25-26 की वित्त राशि, मनरेगा पंजीकृत मजदूरों अंतर्गत आवंटन राशि, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन व अन्य पेंशन की नियमावली बनाई गई। उसे शिथिल करते हुए संबंधित व्यक्ति की परिस्थिति के आधार पर पेंशन निर्धारण व पात्र करने का आदेश ग्राम पंचायत को देने, पंच, सरपंच का मानदेय आदि मांगों पर पुनः विचार कर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर, क्षेत्रीय विधायक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं धमतरी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जपं धमतरी को ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर अध्यक्ष हिमांशु शेखर साहू, सचिव हेमंत नेताम, संरक्षक श्यामसुंदर सिन्हा, प्रसून शुक्ला, लक्ष्मी बया, टिकेश्वरी साहू, दानेश्वरी यादव, उमेश्वर नेताम, रामकुमार यादव, देवबती कोर्राम, श्रवण साहू, मीडिया प्रभारी प्रेमू चंद्रवंशी उपस्थित थे।

### गायत्री महायज्ञ महोत्सव में 37 लोगों ने ली दीक्षा





**आमदी(धमतरी)।** पलारी भिरई में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के साथ 12 प्रकार के संस्कार कराए गए। 37 लोगों ने दीक्षा ली। 7 माताओं का पुंसवन संस्कार, बच्चों का अन्न प्राशन, नामकरण जैसे संस्कार हुए। कार्यक्रम में ग्रामीण समेत आसपास के गांवों से श्रद्धालुगण शामिल हुए। शांतिकुंज हरिद्वार की प्रतिनिधि टोली ने प्रज्ञा पुराण कथा का रसपान कराया। 11 जनवरी को गांव में मड़ई का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी वेदप्रकाश साहू, लिकेश ने दी।

### आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए परीक्षा 1 मार्च को

**धमतरी।** शिक्षा सत्र 2026-27 में प्रदेश के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए परीक्षा 1 मार्च को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 7 फरवरी है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिले के इच्छुक विद्यार्थियों को आवेदन फॉर्म संबंधी जानकारी के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। परीक्षा से संबंधित सभी जानकारी राज्य के वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू एकलव्य डाट सीजी डाट नीक डाट इन पर अवलोकन किया जा सकता है।

---

ठेकेदार ने बनाया मिट्टीनुमा सड़क, एसडीओ ने की कार्रवाई, सिर्री में 150 मीटर रोड उखाड़ा

# सिर्री-फुसेरा-करगा-चटौद मार्ग चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री





ग्राम सिर्री में पीडब्लूडी विभाग अंतर्गत रोड निर्माण कर रहे ठेकेदार द्वारा घोर भ्रष्टाचार किए जाने का मामला सामने आया है। पीडब्लूडी विभाग द्वारा सिर्री - फुसेरा - करगा- चटौद मार्ग 13 करोड़ 31 लाख 30 हजार की लागत से 9.60 किलोमीटर तक चौड़ीकरण, पुल पुलिया सहित रोड निर्माण किया जा रहा है। वर्तमान में रोड निर्माण का कार्य प्रगति पर है।

ग्राम सिर्री में रोड ठेकेदार द्वारा भ्रष्टाचार करने का मामला सामने आया है। गुणवत्ताहीन मटेरियल के साथ सड़क को बनाते देख सिर्री की जागरूक जनता ने 7 जनवरी को शाम 5 बजे आक्रोशित होकर इसका खुलकर विरोध किया और गुणवत्ताहीन रोड निर्माण को देखते हुए लापरवाह ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी की।

बुधवार की शाम मौके पर पहुंची क्षेत्र की जनपद सदस्य लिली श्रीवास ने इस गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य को देखकर पीडब्लूडी विभाग के एसडीओ आरके शुक्ला सहित कलेक्टर और एसडीएम को तत्काल इसकी सूचना देकर ठेकेदार की लापरवाही और रोड निर्माण में किए जा रहे भ्रष्टाचार की जानकारी वीडियो फोटो के माध्यम से साझा की। ठेकेदार ने बजरी एवं गिट्टी की जगह लगभग 150 मीटर तक मिट्टीयुक्त बजरी डालकर मिट्टीनुमा सड़क निर्माण कर दिया। 8 जनवरी को लगभग 11 बजे पीडब्लूडी विभाग कुरूद के एसडीओ आरके शुक्ला सिर्री में हो रहे रोड निर्माण कार्य स्थल पर पहुंचे और निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही सिर्री की बस्ती से जाने वाले रोड निर्माण का जायजा भी लिया। आधे घंटे के निरीक्षण पश्चात सिर्री की जनता ने ठेकेदार द्वारा किए जा रहे गुणवत्ताहीन मिट्टीयुक्त सड़क से कुरूद एसडीओ को रूबरू कराया। मजे की बात यह है कि ठेकेदार, अधिकारी तक सूचना पहुंच जाने की भनक लगने पर गुणवत्ताहीन मटेरियल को निर्माण कार्य की जगह से 8 जनवरी की सुबह ही ठेकेदार द्वारा हटा दिया गया।

कुरूद एसडीओ आरके शुक्ला ने खराब मटेरियल, गुणवत्ताहीन खस्ताहाल सड़क निर्माण कार्य को देखते हुए संबंधित ठेकेदार और उसकी टीम को फटकार लगाई और सड़क को गुणवत्तायुक्त बनाने का आदेश दिया। गुरुवार की सुबह 11 बजकर 40 मिनट को कुरूद एसडीओ आरके शुक्ला ने सिर्री में 150 मीटर बनाई गई गुणवत्ताहीन सड़क को उखाड़ने का आदेश किया और 5 मिनट बाद ही 11 बजकर 45 मिनट से ही किए गए गुणवत्ताहीन रोड निर्माण को पूरे 150 मीटर तक उखाड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी गई और मिट्टीनुमा सड़क को पूरी तरह उखाड़ दिया गया।

## अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोड़ें : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

ग्राम सेलदीप में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञापुराण कथा का आयोजन गायत्री परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से हुआ। कथावाचक परमानन्द यादव ने धर्म, संस्कृति और राष्ट्र चेतना, नशा मुक्ति, यज्ञ क़ी ऊर्जा का लाभ प्राप्त कर अपने घर परिवार में संस्कार का बीजोरोपण पुष्पित और पलवित करने का संदेश दिया। श्री यादव ने कहा कि सभी मातृशक्ति अपने घरों और हर परिवार में अपने हिस्से का कर्तव्य निभाएं, तभी राष्ट्रभक्ति की मशाल प्रज्ज्वलित रह सकेगी। उन्होंने पालकों से आग्रह किया कि अपने बच्चों को आधुनिकता के साथ-साथ भारतीय संस्कृति से जोड़ें। बच्चे आज मनोरंजन में तो रुचि रखते हैं, लेकिन भारतीय संस्कृति के बारे में जानकारी नहीं रखते, यह स्थिति सुधारने की जरूरत है।

## संसार क्षण भंगुर है और आत्मज्ञान ही परम सत्य : गिरि बापू

चतुर्थ दिवस भस्म, त्रिपुंड और शिव भक्ति की महिमा पर सुनाई कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



देऊरपारा सिहावा स्थित कर्णेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कथावाचक गिरि बापू के सान्निध्य में आयोजित 828वीं श्री शिव महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और वैराग्यपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

चतुर्थ दिवस की कथा का वाचन करते हुए गिरि बापू ने शिव महापुराण के गूढ़ और प्रेरक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने ब्रम्हलोक में महर्षि वेदव्यास द्वारा भगवान महादेव की दिव्य कथा के गायन का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वयं भगवान श्रीहरि विष्णु ने नारद जी को शिव भक्ति को मोक्ष का श्रेष्ठ मार्ग बताया है। शिव भक्ति मन के विकारों, अशांति और उद्वेग को शांत कर आत्मिक शांति प्रदान करती है।

बापू ने भस्म, तिलक और त्रिपुंड के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भस्म का त्रिपुंड धारण करने मात्र से मन शांत होता है और यह हमारी सनातन संस्कृति एवं परंपरा का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में लोग इन परंपराओं से दूर होते जा रहे हैं, जबकि शास्त्रों में भस्म और त्रिपुंड को अत्यंत पुण्यदायी बताया गया है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव के दर्शन से गंगा स्नान के समान पुण्य की प्राप्ति होती है तथा जिनके मस्तक पर भस्म का त्रिपुंड होता है, उनके दर्शन मात्र से भी पुण्य फल प्राप्त होता है। कथावाचक ने कहा कि भगवान महादेव की पूजा में भस्म को सर्वोच्च स्थान दिया गया है, क्योंकि भस्म त्याग, वैराग्य और नश्वर संसार का बोध कराती है। यह संदेश देती है कि यह संसार क्षण भंगुर है और आत्मज्ञान ही परम सत्य है। कथा के दौरान गिरे बापू ने भजन मंडली की प्रशंसा की। विशेष रूप से ओडिशा से आई भजन मंडली की सराहना करते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि मानो स्वयं भगवान महादेव ने उन्हें यहां सेवा के लिए भेजा हो।

## शिक्षा के साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास जरूरी : गौकरण

■ अटंग स्कूल में वार्षिक उत्सव अभिव्यंजना सहपालक सम्मेलन का रंगारंग समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अटंग में वार्षिक उत्सव अभिव्यंजना सह पालक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं धमतरी थे। इसके साथ उर्वशी बांधेकर जनपद सदस्य कुरूद, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भोपाल चंद्राकर, सरपंच गायत्री इन्द्रजीत चेलक, उपसरपंच कोमल शुक्ला थे। विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यालय के विकास पर पालकों के साथ महत्वपूर्ण चर्चा की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में पालकों को परिवार में संस्कार पर ध्यान देने और ग्रामीण अंचल में छिपी प्रतिभा को अभिव्यंजना जैसे मंचों की आवश्यकता के साथ-साथ बच्चों के लगातार सर्वांगीण विकास पर जोर दिया।

पालक सम्मेलन के दौरान शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने पालकों से बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया और विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट साझा की। उर्वशी बांधेकर जनपद सदस्य कुरूद ने सम्बोधन में पालकों की जागरूकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, देश भक्ति गीत और सामाजिक संदेशों पर नशामुक्ति आधारित नाटकों की प्रस्तुति दी। शैक्षणिक एवं खेलकूद गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य नूतनलाल चन्द्राकर ने कहा कि बच्चों के भविष्य निर्माण में केवल शिक्षकों का ही नहीं, बल्कि पालकों का भी बराबर का योगदान होता है। घर का वातावरण पढ़ाई के अनुकूल होना आवश्यक है। श्री चन्द्राकर ने पालकों से आग्रह किया कि वे सुनिश्चित करें कि बच्चे प्रतिदिन शाला आएं। सरपंच गायत्री इन्द्रजीत चेलक, उपसरपंच कोमल शुक्ला ने समाज सेवा करने वाले शिक्षकों ओर विद्यार्थियों का सम्मान किया।

कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता जी. यादव और रीना तारक 12वीं व आभार व्यक्त वरिष्ठ व्याख्याता जेएल साहू ने किया। कार्यक्रम में कुंदन चंद्राकर, गोकुल साहू, मनोज ध्रुव, प्रकाश साहू, पी. चंद्राकर, प्रमोद यादव, ऋतु चंद्राकर, ममता साहू, मिथिलेश साहू, चेतन साहू, संगीता भंडारी, वासुदेव ध्रुव, उत्तम ध्रुव, लोकेश्वर साहू, कौशल साहू, ओंकार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## साइकिल पाकर भारती के चेहरे खिले



■ वरदान परमार्थ सेवा संस्था ने प्रदान की साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

समाज के जरूरतमंद वर्ग की सेवा व सहायता की दिशा में वरदान परमार्थ संस्था ने एक और कदम बढ़ते हुए जरुरतमंद महिला को साइकिल प्रदान की है। साइकिल मिलने से महिला का चेहरा खुशी से चमक गया। वरदान परमार्थ सेवा संस्था के तत्वावधान में बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में छग महतारी सेवा संस्था की सदस्य भारती सोनी को साइकिल प्रदान की गई।

आर्थिक स्थिति ठीक नहीं कारण स्वयं के खर्च से साइकिल रख पाना उनके लिए संभव नहीं था। साधन नहीं होने के कारण महिला को अपने काम के सिलसिले में कहीं आने जाने के लिए आटो का सहारा लेना पड़ता था। वरदान संस्था ने उसकी आर्थिक स्थिति व जरूरत को देखते हुए उसे साइकिल प्रदान आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया है। साइकिल प्राप्त होने पर महिला काफी प्रसन्न नजर आई। उसके चेहरे पर खुशी व आत्मविश्वास की चमक स्पष्ट दिखाई दी।

इस सेवा कार्य में सन्नी छाजेड़, शिवा प्रधान, आकाशगिरी गोस्वामी, लोकेश साहू, जय पटेल, रोशन राठी, डोमन साहू, पप्पू साहू, हेमंत साहू, भारत साहू, महेंद्र साहू, मोहिनी साहू, भारती साहू, ऋतु प्रधान, पोषण सिन्हा, खिलेश्वर साहू, रविकुमार सिन्हा, ममता मिश्रा, मंजू टेमरे व पूजा यादव का सराहनीय योगदान रहा।

## लोलरदाई मंदिर परिसर में चला सफाई अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नववर्ष के अवसर पर यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया धमतरी इकाई द्वारा लोलरदाई मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मिलकर मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की तथा स्वच्छता का संदेश दिया।

संस्था के चेयरमैन हुकुमचंद जैन, अध्यक्ष रमेश देव, सचिव सुबोध महावर एवं उपाध्यक्ष मनीष चंद्राकर की उपस्थिति में यह अभियान चलाया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यों से समाज में जागरूकता बढ़ती है और युवाओं को रचनात्मक कार्यों से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है।

मौके पर मनीष चंद्राकर, तेजप्रकाश रिगरी, योगेश गुप्ता, वीरेंद्र साहेब, हेमंत डेकाटे, डॉ. भूपेंद्र साहू, गीता सिन्हा, भीखम सिन्हा, ओमप्रकाश द्विवेदी, प्रीति द्विवेदी, नवीन साहू, दीपमाला साहू, अंजलि शर्मा, वैष्णवी गुप्ता, राहुल गुप्ता, वेंकटेश्वर साहू, राजकुमारी साहू, डॉ. भूपेंद्र सोनी, घनश्याम सोनी, दौलत ज्ञानचंदानी, रूपन साहू, प्रतिभा साहू, आस्था साहू, अंकुश साहू, कामदेव गुप्ता एवं आकांक्षा गुप्ता मौजूद रहे।

## महात्मा गांधी कोई व्यक्ति नहीं, एक विचारधारा है, उसे कैसे मारोगे : तारिणी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



भाजपा द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) जनजागरण अभियान के तहत जिला भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता करने पहुंचे प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा नाथूराम गोडसे को राष्ट्रवादी बताए जाने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने भाजपा की विचारधारा को गोडसे समर्थित विचारधारा कहते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान बताया है। आगे कहा कि भाजपा सरकार आज लगातार संवैधानिक संस्थाओं को खत्म करने के साथ-साथ देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, महापुरुषों के इतिहास को धूमिल करने का कार्य कर रही है। प्रभारी मंत्री ने गोडसे को राष्ट्रवादी कहकर महात्मा गांधी के त्याग, समर्पण और उनके विचारों की हत्या का कार्य किया है लेकिन भाजपा के नेताओं को समझना चाहिए कि महात्मा गांधी व्यक्ति नहीं एक विचारधारा है। आज भाजपा के दोहरे चरित्र से पूरा देश वाकिफ हो गया है। आगे कहा कि मनरेगा केवल एक सरकारी योजना नहीं है, बल्कि यह देश के करोड़ों गरीब, मजदूर और श्रमिक परिवारों के लिए रोज़गार और सम्मान की गारंटी है। मनरेगा का नाम महात्मा गांधी से जुड़ा है। इस योजना के नाम को बदलना गांधी के विचारों और उनके योगदान का अपमान है। सरकार योजनाओं के नाम बदलकर इतिहास और जनभावनाओं से खिलवाड़ कर रही है। गोडसे की विचारधारा को जनमानस पर थोपने का असफल प्रयास कर रही है।

## सूचना केंद्र किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे

■ विधायक अजय ने किया उद्यानिकी सूचना केंद्र का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय दुर्ग अंतर्गत संचालित उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र धमतरी द्वारा ग्रामीण कृषि एवं उद्यानिकी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी कड़ी में रावे कार्यक्रम अंतर्गत बीएससी उद्यानिकी चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा ग्राम कातलबोड़ में रावे उद्यानिकी सूचना केन्द्र की स्थापना की गई है जो किसानों एवं ग्रामीणजनों के लिए ज्ञान और तकनीकी मार्गदर्शन का केन्द्र बनकर उभर रहा है। विधायक अजय चंद्राकर ने उद्यानिकी सूचना केन्द्र का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने केन्द्र में विद्यार्थियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और उनके प्रयासों को अनुकरणीय बताया। विधायक ने कहा कि इस प्रकार के सूचना केन्द्र ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यानिकी फसलों के विस्तार और किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उद्यानिकी सूचना केन्द्र के माध्यम से छात्र-छात्राएं ग्रामीणजनों और किसानों से प्रत्यक्ष संवाद कर रहे हैं तथा उन्हें सब्जी, फल, फूल, मसाला फसलों, नर्सरी प्रबंधन, रोग-कीट नियंत्रण, उन्नत तकनीकों और आधुनिक उद्यानिकी पद्धतियों की जानकारी प्रदान कर रहे हैं। यह केन्द्र किसानों के लिए परामर्श स्थल के रूप में भी कार्य कर रहा है, जहां वे अपने कृषि एवं उद्यानिकी कार्यों में आने वाली समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। मौके पर जनपद सदस्य श्रीमती कुलेश्वरी साहू, कातलबोड़ सरपंच मिलन साहू, श्रीमती शिखा मरकाम सहायक प्राध्यापक, डॉ. सरोज मिश्रा उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र धमतरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कृषकगण उपस्थित थे।

## नवकार महिला मंडल ने गायों को खिलाया रोटी, सब्जी

**धमतरी।** नवकार महिला मंडल द्वारा राष्ट्रीय गौशाला में जाकर गायों को गुड़, रोटी, चारा, सभी प्रकार की सब्जी- भाजी गौ माता को खिलाई गई। राष्ट्रीय गौशाला के कार्यकर्ता एवं मजदूरों को भी तिल्ली, लड्डू वितरित किया गया। मंडल ने कहा कि 33 करोड़ देवी देवताओं में गौ सेवा उच्च सेवा मानी जाती है। गौ रक्षा करना सभी का कर्तव्य है। उनकी देखरेख करना भी हमारा ही फर्ज है। गौ रक्षक और गौ सेवकों का कहना है कि गौ माता को अपने हाथों से खाना खिलाने में मंडल को एक अलग ही खुशी की अनुभूति हुई। इस अवसर पर संतोष मिनी, कुसुम गोलछा, इंदु, अलका, संजू, दीपा जैन, दीपा छाजेड़, ज्योति भंसाली, कंचन चोपड़ा, शशि पिंचा, सरला भूरा, अनीता, सुमन छाजेड़ समेत मंडल की सभी सदस्य उपस्थित थी।

## वार्ड में बोर खनन के लिए पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

भखारा नगर क्षेत्र में जल समस्या के समाधान हेतु बोर खनन कार्य का शुभारंभ पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत भखारा अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षद डुमेंद्र गंगबेल, पूरन साहू राज मिस्त्री सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने पूजा में सहभागिता कर कार्य के सफल क्रियान्वयन की कामना की। वार्डवासियों ने लंबे समय से चली आ रही अपनी प्रमुख आवश्यक मांग पूरी होने पर नगर पंचायत और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता से उपलब्ध कराना नगर पंचायत का निरंतर प्रयास है। उपाध्यक्ष विष्णु साहू ने भी शीघ्र जल आपूर्ति की सुविधा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता दोहराई। वार्ड पार्षद डुमेंद्र गंगबेल ने अध्यक्ष सहित परिषद को स्वीकृति हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। बोर खनन कार्य से वार्ड क्षेत्र के लोगों को पेयजल संकट से राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### देमार में युवा उत्सव यूथ फेस्टिवल कल

**धमतरी।** युवा मित्र मंच के तत्वावधान में ग्राम देमार में एक दिवसीय छत्तीसगढ़ स्टेट लेवल महिला-पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 10 जनवरी शनिवार को सुबह 10 बजे से डे-नाइट तक आयोजित होगी। मुख्य अतिथि अंगिरा ध्रुव जनपद अध्यक्ष धमतरी होंगी। बिमलेश मीनपाल अध्यक्षता करेंगे। अन्य अतिथि अमन राव, राजू चन्द्राकर, राकेश सिन्हा, दमयंतीन साहू, बसंत परदेशी मीनपाल, शीत कुमार साहू, अंगेश्वर साहू, संत साहू, खोरबाहराराम साहू, संजय साहू, शंकर सिन्हा, बसंत चतुर्वेदी, सुरेश साहू होंगे। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह की मुख्य अतिथि कविता बाबर होंगी। अध्यक्षता अंबिका सिन्हा करेंगी। अन्य अतिथि योगेश मारकण्डे, रामप्रसाद सिन्हा, वायलेश चरण, डीएन साहू, लक्ष्मण साहू, शुभम जायसवाल, प्रवीण नेताम होंगे। प्रतियोगिता में प्रदेशभर की महिला एवं पुरुष कबड्डी टीमें भाग लेंगी।

### कमिश्नरों लेंगे अधिकारियों की समीक्षा बैठक 21 को

**जगदलपुर।** कमिश्नर डोमन सिंह की अध्यक्षता में 21 जनवरी को मध्यान्ह 12 बजे कमिश्नर कार्यालय के शक्ति सभाकक्ष में संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक होगी। जिसमें सर्व सम्बंधित संभाग स्तरीय अधिकारियों सहित नोडल अधिकारियों को एजेंडा अनुसार जानकारी के साथ उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ने मेगा प्लेसमेंट कैंप 12 को

**जगदलपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बस्तर जिले के तकनीकी रूप से प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल करने जा रही है। संस्था के प्राचार्य द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सोमवार 12 जनवरी को संस्था परिसर में एक दिवसीय राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा।

शहर की यातायात व्यवस्था चरमराई, प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

# फुटपाथ पर कब्ज़ा, सड़कों पर अराजकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर की यातायात व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह चरमरा गई है। मुख्य मार्गों से लेकर सदर बाजार तक फुटपाथी व्यवसायियों का अतिक्रमण इस कदर बढ़ गया है कि सड़कें संकरी हो चुकी हैं और आवागमन बाधित हो रहा है। सैकड़ों की संख्या में फुटपाथ पर पसरा लगाकर व्यवसाय किया जा रहा है, जिससे यातायात व्यवस्था लगभग ठप पड़ गई है।

बिलाईमाता रोड, रामबाग क्षेत्र, सदर बाजार, घड़ी चौक, रायपुर रोड, बठेना चौक, रत्नाबांधा रोड, रुद्री रोड, बस्तर रोड, श्यामतराई रोड, गोकुलपुर, रामपुर सहित शहर के कई इलाकों में सब्जी, जूता-चप्पल, मनिहारी, गर्म कपड़े, फल-फूल, गोलगप्पा, चाइनीज व फास्ट फूड के ठेले सड़क और फुटपाथ पर लग गए हैं। इसके चलते मार्ग संकरा हो गया है और आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

स्थिति यहां तक बिगड़ चुकी है कि जगह को लेकर फुटपाथी व्यवसायियों के बीच विवाद आम बात हो गई है। दो दिन पूर्व मकई चौक के पास गोल बाजार और शास्त्री चौक के व्यापारियों के बीच जमकर झड़प हो गई, जिससे करीब आधे घंटे तक सड़क पर चक्काजाम जैसी स्थिति बनी रही। बाद में स्थानीय लोगों की समझाइश और पुलिस प्रशासन के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ।

इन तमाम घटनाओं के बावजूद पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन और नगर निगम की निष्क्रियता पर सवाल उठने लगे हैं। कार्रवाई न होने से फुटपाथी व्यवसायियों के हौसले बुलंद हैं और अतिक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है।

शहरी नागरिक दिवाकर शर्मा, ऋषभ गर्ग, शुभांकर गौर, दिलीप कोसरिया, रिंकू बजाज, राजेंद्र सोनकर, मुकेश सोनकर सहित अन्य नागरिकों का कहना है कि जब तक फुटपाथी व्यवसायियों के लिए अलग से व्यवस्थित स्थान निर्धारित नहीं किया जाएगा, तब तक समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है। नागरिकों ने मांग की है कि फुटपाथ से अतिक्रमण सख्ती से हटाया जाए और शहर में एक सुव्यवस्थित बाजार विकसित किया जाए। इसके लिए पुराना मंडी परिसर, इतवारी बाजार परिसर, गौशाला मैदान और मकई तालाब परिसर को उपयुक्त बताया गया है।

इस संबंध में नगर निगम महापौर रामू रोहरा ने कहा कि शहर में व्यवस्था बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। फुटपाथी व्यवसायियों से आग्रह किया जाएगा कि वे इतवारी बाजार, पुराना मंडी परिसा सहित अन्य निर्धारित स्थलों पर शिफ्ट हों।

प्रभारी नगर निगम आयुक्त एवं अपर कलेक्टर इंदिरा सिंह ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। जल्द ही कार्रवाई कर फुटपाथी व्यवसाय को एक निश्चित स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा, ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके।

अब देखना यह होगा कि प्रशासन का यह आश्वासन केवल कागजों तक सीमित रहता है या वास्तव में सड़कों पर उतरकर धमतरी की बिगड़ती यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाया जाता है।

## 42 वर्षों तक परिवार का सदस्य रहा पालतू तोता दुनिया से विदा

■ रुद्रेश्वर घाट में पूरे रीति-रिवाज से हुआ अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



मराठापारा क्षेत्र में रहने वाले सेवानिवृत्त वनरेंजर चिंतामणि राव भोसले के परिवार में गुरुवार को उस समय शोक की लहर दौड़ गई, जब उनके घर में बीते 42 वर्षों से पाले जा रहे तोते मिट्ठू का निधन हो गया। परिवार ने उसे केवल एक पालतू पक्षी नहीं, बल्कि अपने सदस्य की तरह स्नेह और सम्मान दिया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री भोसले ने अपने सेवाकाल के दौरान नगरी क्षेत्र में एक कुत्ते के जबड़े में फंसे इस तोते को बचाया था। उपचार के बाद स्वस्थ होने पर उन्होंने उसे अपने साथ रख लिया तभी से मिट्ठू भोसले परिवार के साथ ही रहा और हर वर्ष पूरे परिवार द्वारा उसका जन्मदिन भी मनाया जाता था। गुरुवार को उसके निधन से परिवार गहरे शोक में डूब गया। निधन की सूचना मिलते ही बेंगलुरु में मौजूद श्री भोसले तत्काल धमतरी लौटे। इसके बाद परिवारजनों ने धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए रुद्रेश्वर घाट के समीप रुद्री में तोते का अंतिम संस्कार किया।

## एएसपी मणिशंकर चंद्रा का प्रेस क्लब ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में पदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) मणिशंकर चंद्रा का स्थानांतरण दुर्ग जिले में किए जाने पर प्रेस क्लब धमतरी द्वारा उनका सम्मान किया गया। दुर्ग रवाना होने से पूर्व एक कार्यालय में आयोजित सादे समारोह में प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने एएसपी चंद्रा को पुष्पगुच्छ एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया।

गौरतलब है कि अपने कार्यकाल के दौरान एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने जिले में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ अपने मिलनसार एवं सहज व्यवहार से आमजन के बीच विशेष पहचान बनाई। उनकी कार्यशैली को मीडिया जगत सहित जनमानस ने सराहा।

इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष विशाल ठाकुर ने कहा कि श्री चंद्रा एक सजग, संवेदनशील एवं मिलनसार पुलिस अधिकारी रहे हैं। उन्होंने धमतरी जिले में सराहनीय सेवाएं दी हैं। ऐसे अधिकारी का स्थानांतरण निश्चित रूप से दुःखद है, लेकिन यह प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा है। प्रेस क्लब परिवार उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। मौके पर प्रेस क्लब अध्यक्ष विशाल ठाकुर, महासचिव विक्रांत शर्मा, उपाध्यक्ष कमलेश पांडे, उमेश बशिष्ट, कोषाध्यक्ष नरेश श्रोती, कृष्णाराव जगताप, पवन साहू, मुस्तफा दाऊदी, संदीप भट्टाचार्य, रितेश मिश्रा, कवि तारिक समेत अन्य उपस्थित थे।

## मकर संक्रांति श्रद्धा के साथ मनाई जायेगी


■ 14 जनवरी को सूर्य का उत्तरायण, 15 जनवरी तक रहेगा पुण्यकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सूर्य उपासना का पावन पर्व मकर संक्रांति इस वर्ष धार्मिक आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। विप्र विद्वत परिषद ने देव पंचांग के अनुसार बताया कि इस वर्ष 14 जनवरी बुधवार को माघ मास कृष्ण पक्ष में सूर्य का धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश होगा। इसी के साथ सूर्य उत्तरायण होगा। सूर्य का उत्तरायण काल दोपहर लगभग 3:05 बजे से प्रारंभ माना गया है। वहीं संक्रांति का पुण्यकाल 15 जनवरी गुरुवार को रहेगा, जिसमें स्नान, दान, जप, हवन आदि धार्मिक कार्य सूर्यास्त तक किए जा सकेंगे। परिषद के अध्यक्ष पंडित अशोक शास्त्री ने बताया कि मकर संक्रांति को आदिकाल से सूर्य उपासना के पर्व के रूप में मनाया जाता रहा है। सूर्य के उत्तरायण होने पर दिन बड़े और रातें छोटी होने लगती हैं। शास्त्रों में उत्तरायण को देवताओं का दिन कहा गया है। मकर संक्रांति के साथ ही खरमास का समापन होता है और सभी शुभ एवं मांगलिक कार्यों का आरंभ हो जाता है।

मकर संक्रांति से जुड़ी पौराणिक कथा का उल्लेख करते हुए परिषद के मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने बताया कि महाभारत काल में भीष्म पितामह को इच्छा मृत्यु का वरदान प्राप्त था, किंतु उन्होंने सूर्य के उत्तरायण होने की प्रतीक्षा की। मकर संक्रांति के दिन सूर्य के उत्तरायण होते ही उन्होंने अपने प्राण त्यागे, जिससे यह तिथि मोक्षदायिनी मानी जाती है। इस पर्व पर तिल और खिचड़ी का विशेष महत्व है। तिल से बने लड्डू, तिल का हवन, तर्पण, भोजन एवं दान किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि तिल की उत्पत्ति भगवान विष्णु के शरीर से हुई है, इसलिए इसका प्रयोग मोक्ष प्राप्ति के लिए अत्यंत फलदायी माना गया है। मकर संक्रांति पर दान-पुण्य का विशेष महत्व बताया गया है। विप्र विद्वत परिषद धमतरी ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे 14 और 15 जनवरी को निर्धारित तिथियों के अनुसार मकर संक्रांति पर्व श्रद्धा, संयम और धार्मिक विधि-विधान के साथ मनाकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

## भटगांव ने दोनों मुकाबले जीते, सोरम को मिली हार



■ मिशन ग्राउंड में डीपीएल सीजन 7 : आज शहर की चार टीमों के बीच होगी भिड़ंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मॉर्निंग क्रिकेट क्लब धमतरी द्वारा आयोजित डीपीएल सीजन-7 के दूसरे दिन ग्रामीण अंचल की चार टीमों ने मिशन ग्राउंड पर रोमांचक मुकाबले खेले। इस दिन भटगांव ने दोनों मैच जीतकर शीर्ष स्थान बनाए रखा, जबकि सोरम दोनों मुकाबलों में हार गई। तेलीनसत्ती और तरसींवा ने एक-एक जीत दर्ज की। पहले मैच में तरसींवा ने 6 ओवर में 45/8 का स्कोर बनाया, जिसे भटगांव ने 48/5 रन बनाकर 5 विकेट से हराया। शीतल लिमजा ने 20 रन बनाकर 2 विकेट लिए और मैन ऑफ द मैच रहे।

दूसरे मैच में सोरम ने 48/8 का स्कोर बनाया, जिसे तेलीनसत्ती ने 49/3 रन बनाकर 7 विकेट से जीत लिया। चितेश को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। तीसरे मुकाबले में भटगांव ने तेलीनसत्ती को 78/5 रन से मात दी। तेलीनसत्ती ने 77/4 रन बनाए थे। भटगांव के सुजीत कुमार ने 3 चौके और 3 छक्के लगाकर 35 रन बनाए और मैन ऑफ द मैच रहे। प्रतियोगिता के तीसरे दिन 8 जनवरी गुरुवार को शहर की चार टीमों के बीच मुकाबले होंगे। पहले मैच में औद्योगिक वार्ड और एसवीएन वार्ड, दूसरे में मकेश्वर वार्ड और महात्मा गांधी वार्ड आमने-सामने होंगे। तीसरा और चौथा मुकाबला क्रमशः पहले जीतने और हारने वाली टीमों के बीच खेला जाएगा।

## युवा दिवस पर 12 को भाषण, काव्यपाठ रंगोली प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को काव्य पाठ, भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन धमतरी कला केंद्र इतवारी बाजार के प्रांगण में प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा। जिले के सभी स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थी एवं युवा प्रतिभागी इस आयोजन में शामिल हो सकेंगे। काव्य पाठ का विषय उठो जागो – स्वामी विवेकानंद जी का अमर संदेश, भाषण का विषय स्वामी विवेकानंद जीः युवाओं के प्रेरणास्त्रोत और राष्ट्र निर्माण के पथ प्रदर्शक तथा रंगोली प्रतियोगिता का विषय युवा शक्ति एवं स्वामी विवेकानंद जी रखा गया है। प्रतियोगियों की आयु 15 से 29 वर्ष के बीच होनी चाहिए। कार्यक्रम में प्रतिभागियों द्वारा स्वामी विवेकानंद की मूर्ति, तैलचित्र पर माल्यार्पण, वृक्षारोपण (एक पेड़ उनके नाम), आत्मनिर्भर भारत नशामुक्त भारत शपथ और उनके विचारों एवं योगदान पर चर्चा भी की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए जेपी देव प्रभारी सहायक से संपर्क किया जा सकता है।

## भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस हमेशा लड़ाई लड़ेगी : तारिणी



■ जिला कांग्रेस अध्यक्ष का भखारा में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राजीव भवन भखारा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक से पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर के पदभार ग्रहण के पश्चात प्रथम नगर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ढोलबाजे और आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया। बैठक में संगठन की मजबूती, एसआईआर की प्रक्रिया एवं मनरेगा संग्राम के तहत आयोजित होने वाली चरणबद्ध आंदोलन को लेकर चर्चा हुई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की जनविरोधी नीतियों को लेकर लगातार लड़ाई लड़नी है। 10 जनवरी से 25 फ़रवरी तक मनरेगा बचाओ संग्राम आंदोलन होना है। यह काम की रक्षा के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान है। मनरेगा को बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी पंचायत, वार्ड स्तर पर जनसंपर्क करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन करेगी। इस दौरान पूर्व विधायक लेखराम साहू, ब्लॉक अध्यक्ष राजू साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नगर व्यवस्था समिति ने किया मड़ई स्थल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगरी में 24 जनवरी शनिवार को आयोजित होने वाले नगरी मेला (मड़ई) को लेकर नगर व्यवस्था समिति, नगरी द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में नगर व्यवस्था समिति के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने मेला स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान नगर व्यवस्था समिति के अध्यक्ष नंदकुमार यादव, नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष हेमू सेन, राजशेखर, लोक निर्माण विभाग सभापति अश्वनी निषाद, विकास सोनी सहित समिति के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। समिति ने मेला स्थल की साफ-सफाई, माता शीतला मंदिर के रंग-रोगन तथा आयोजन स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं एवं नागरिकों के लिए पेयजल, प्रकाश, सुरक्षा व अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता को लेकर विस्तार से चर्चा की।


संबंधित कर्मचारियों एवं व्यवस्था से जुड़े लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर नगर व्यवस्था समिति के अध्यक्ष नंदकुमार यादव ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे इस पारंपरिक एवं सांस्कृतिक आयोजन को सफल बनाएं।

### मौरीखुर्द में मड़ई 10 को

**सिर्री।** ग्राम मौरीखुर्द (दहदहा) में ग्रामवासियों के सहयोग से 10 जनवरी शनिवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। संध्या में जय मां दंतेश्वरी राउत नाचा दहदहा की प्रस्तुति होगी। रात्रि में जय छत्तीसगढ़ महतारी नाचा पार्टी ग्राम मंदलोर चंपारण का कार्यक्रम रखा गया है। मड़ई की तैयारी में कृपाराम, केशवराम, कामताराम यादव, चंद्रकुमार, त्रिभुवन एवं मनोज साहू जुटे हैं।

### अंगारा में शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ कथा 9 से

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम अंगारा में पांच दिवसीय संगीतमय शिवमहापुराण



ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन 9 से 13 जनवरी तक किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर ग्राम में भक्तिमय वातावरण व्याप्त है। सुबह 8 बजे से 9 बजे तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं अभिषेक किया जाएगा। कथा का शुभारंभ 9 जनवरी शुक्रवार को कलशयात्रा, वेदी पूजन एवं कथा आरंभ के साथ होगा। 10 जनवरी शनिवार को सृष्टि आरंभ, पार्थिव शिवलिंग महिमा एवं सति चरित्र, 11 जनवरी को द्वादश ज्योतिर्लिंग कथा एवं शिव-पार्वती मंगल, 12 जनवरी को कार्तिकेय एवं गणेश जन्म कथा, विवाह प्रसंग, बेलपत्र वर्षा एवं शोभायात्रा का आयोजन होगा। 13 जनवरी को देवी महिमा कथा, नरक-भोग वर्णन, हवन पूर्णाहुति, चढ़ोतरी एवं महाप्रसादी के साथ कथा का समापन होगा। कथावाचिका कल्पना पाण्डेय मगरलोड होंगी।

## गुजराती महिला क्रिकेट क्लब की खिलाड़ी मिशन मैदान में बहा रही पसीना

■ 10 जनवरी से रायपुर में होने वाली राज्यस्तरीय स्पर्धा में लेंगी भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



व्यस्त जीवन के बीच समय निकालकर अपने बचपन की यादें ताजा कर रही महिलाएं फिर से क्रिकेट के मैदान में सक्रिय हो गई हैं। गुजराती महिला क्रिकेट क्लब धमतरी की खिलाड़ी 10 जनवरी से रायपुर में होने वाली राज्यस्तरीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए पसीना बहा रही हैं।

स्थानीय मिशन मैदान में टीम की कोच इला सोनी के निर्देशन में संगीता अर्चना, वंदना मिरानी, जागृति संघवी, राखी रायचुरा, रूपत गौरी, दीपिका लोहाणा, देवांशी विधि, मनिता, भूमि और लक्षिता गौरी अभ्यास कर रही हैं। कप्तान संगीता गढ़वी के नेतृत्व में खिलाड़ी चौके-छक्के, स्विंग और रिवर्स स्विंग पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

खिलाड़ियों का कहना है कि मैदान में आकर उन्हें बचपन की यादें ताजा हो रही हैं। अब शरीर उतनी फुर्ती नहीं पा सकता, लेकिन उत्साह और जज्बा हमें खेल के मैदान तक खींच लाया है। टीम की सदस्य बताती हैं कि

कुछ खिलाड़ियों का अनुभव राष्ट्रीय स्तर तक का है। जागृति संघवी ने टेनिस और ड्यूस बॉल क्रिकेट में हिस्सा लिया, वहीं लक्षिता ने रायपुर, दुर्ग और भिलाई में टूर्नामेंट खेला। कप्तान संगीता गढ़वी ने कच्छ यूनिवर्सिटी में कप्तान रहते हुए राज्य स्तरीय चैंपियन ट्रॉफी जीती। टीम का लक्ष्य प्रतियोगिता में जीत दर्ज करना और मैदान में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देना है।

## मां बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण में पांच कथावाचक सुनाएंगे दिव्य राम कथा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मां बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण ब्राम्हणपारा वार्ड में भव्य रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन की विशेषता यह है कि रामकथा का वाचन पांच कथावाचकों द्वारा एक ही व्यासपीठ से किया जा रहा है। वार्ड पार्षद कोमल सार्वा ने बताया कि राम कथा आयोजन अत्यंत प्रेरणादायी होगा। वर्तमान समय में छोटी-छोटी बातों को लेकर आपसी सौहार्द्र प्रभावित हो रहा है, लेकिन ब्राह्मणपारा वार्ड के निवासियों ने पांच कथा वाचकों को एक ही मंच पर आमंत्रित कर यह सिद्ध कर दिया है कि सनातन समाज आज भी संगठित और एकजुट है। कथावाचक संतोष तिवारी, अतुल तिवारी, आलोक तिवारी, राजा तिवारी एवं गौरव शर्मा होंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय सनातन समाज के लिए चुनौतीपूर्ण है। ऐसे में समाज को जागृत एवं संगठित होकर कार्य करने की आवश्यकता है। रामकथा का आयोजन महिला मंच, ब्राम्हण पारा युवा संगठन एवं मां बम्लेश्वरी दुर्गोत्सव समिति द्वारा किया जा रहा है। आयोजन को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है।







